(b) if so, the decision of Government to curb the fanning of these emotional feelings :

(c) whether it is a fact that this Parishad is an offshoot or the mainshoot of the RSS; and

(d) if so, whether a statement on the objects and activities of this organisation and the action taken by Government will be laid on the Table ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI NIHAR RANJAN LASKAR) : (a) to (d) The Vishwa Hindu Parishad is currently organising an 'Ekatmata Yagna' in the course of which there have been processions and gatherings at various places. The Parishad has claimed that this Yagna is intended to create unity and awareness among Hindu masses. The Parishad has some elements of RSS in it.

दिल्ली विकास प्राधिकरण के कार्यकरण की जांच करने के लिए कर्य दल की नियुक्ति

3578. **श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह**
श्री भीम सिंह :
श्री मनोहरलाल सैनी :

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग ने दिल्ली विकास प्राधिकरण के कार्यकरण की जांच करने और उसके कार्यकरण का अध्ययन करने हेतु प्रत्येक के लिए एक-एक कार्यदल का गठन किया है;

(ख) यदि हां, तो क्या कार्य दलों ने अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को प्रस्तुत कर दी है; और

(ग) यदि हां, तो उनकी मुख्य बातें क्या हैं ?

योजना मंत्री (श्री एस. बी. चव्हाण) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

साम्प्रदायिक दंगे

3579. **श्री विलास मुत्तेमवार :**
श्री छांगुरराम :

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में जनवरी, 1982 से अक्तूबर, 1983 तक की अवधि के दौरान कितने साम्प्रदायिक दंगे हुए हैं;

(ख) क्या कुछ स्थानों पर सामूहिक जुर्माने भी किए गए थे और यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले; और

(ग) साम्प्रदायिक सदभावना को बनाए रखने और भविष्य में इस प्रकार के दंगों को रोकना सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निहार रंजन लास्कर) : (क) 1982 के दौरान 474 साम्प्रदायिक त्रटनाए हुई थी और अक्तूबर, 1983 (सितम्बर/अक्तूबर के महीने के आंकड़े अस्थायी हैं) तक 430 घटनाएं हुई।

(ख) वर्ष 1982 के दौरान कोई सामूहिक जुर्माने नहीं किए गए थे। चालू वर्ष के लिए सूचना एकत्र की जा रही है।

(ग) साम्प्रदायिक समस्याओं से निपटने के लिए किए गए सुधारात्मक उपाय में (i) समय पर आसूचना एकत्र करना (ii) कठोर निवारक (iii) कार्रवाई विशेषकर साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थानों में धार्मिक त्योहारी से पूर्व नियंत्रण कक्ष की सुविधाओं सहित जहां सम्वभ हो संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त कर्मचारियों और पुलिस बलों को तैनात करना और (iv) जन-संचार के माध्यम से और राजनीतिक तथा अन्य नेताओं को शामिल करके शांति और सद्भावना के वातावरण को बहाल करने के प्रयास शामिल हैं।